
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# एससी एसटी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया सचिवालय कूच

**संवाददाता**

देहरादून। प्रमोशन में आरक्षण और सीधी भर्ती में पुराने आरक्षण रोस्टर को लागू करने की मांग को लेकर एससी एसटी कर्मचारियों ने राजधानी देहरादून में महारैली निकालकर सचिवालय कूच किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सचिवालय से कूच पहले बैरीकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ नोक–झोंक भी हुई।

एससी–एसटी कर्मचारी बड़ी संख्या में पवेलियन ग्राउंड में एकत्रित हुए। वहां पर उन्होंने सभा की, जिसको कि कई कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया। सभा के पश्चात कर्मचारियों ने रैली निकालते हुए सचिवालय कूच किया। पुलिस ने सचिवालय से



रैली निकालकर सचिवालय कूच करते एससी एसटी कर्मचारी।

कुछ पहले प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को बैरीकेडिंग लगाकर रोक दिया। रोके जाने पर उन्होंने वहीं पर धरना–प्रदर्शन किया। कुछ कर्मचारियों ने आगे बढ़ने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इस दौरान कर्मचारियों की पुलिस से नोक–झोंक भी हुई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती तो ये वर्ग सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन पर विचार करेगा। एससी एसटी इंप्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर आयोजित यह महारैली में एससी व एसटी कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके पश्चात उन्होंने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा। रैली को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने खूब नारेबाजी की। महारैली में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में एससी एसटी और ओबीसी वर्ग के कर्मचारी देहरादून पहुंचे थे।

## वनाधिकार व अन्य कार्यों को लेकर किशोर उपाध्याय होंगे सम्मानित

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखण्ड में कांग्रेस नेता और उत्तराखण्ड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय द्वारा चलाये जा रहे उत्तराखंड में हिमालय में वनाधिकार और पूर्वांचल में बाढ़ मुक्ति व जल प्रबंधन के कार्यक्रम की गूंज पूरे देश में अब गुंजने लगी है। जी हाँ, शायद आपको विश्वास नहीं होगा, पर यही सौ फीसदी सही है। जी हाँ, जल पुरुष राजेन्द्र सिंह ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय के वनाधिकार की सराहना की है। राजेन्द्र सिंह ने किशोर को पत्र लिख कर राजस्थान में जल, जंगल और जमीन के मुद्दों पर आयोजित सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया है। तरुण भारत संघ अलवर राजस्थान के अध्यक्ष के नाते जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने किशोर को भेजे पत्र में कहा है कि गंगा की अविरलता आंदोलन में आपका सदैव सक्रिय सहयोग मिला है। आप मानव अधिकार ,नदी अधिकार ,जंगल ,जंगली जीव एवं जंगलवासियो को उनका अधिकार दिलाने का कार्य कर रहे है। देशभर के सामाजिक कार्यो से जुड़े व्यक्तित्वों को प्रेरणा देता है।

# शिक्षा एवं स्वास्थ्य की लोगों को बेहतर सुविधायें प्रदान की जाए

**बैठक**

### सीएम ने विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्थानीय स्तर पर होने वाले उत्पादों के विपणन की उचित व्यवस्था की जाय। पर्वतीय जिलो में विपणन की सम्भावनायें तलाशी जाने की भी बात उन्होंने कही। इससे उत्पादित सामग्री को स्थानीय बाजार भी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य की लोगो को बेहतर सुविधायें प्रदान की जाए। बुनियादी सुविधाये प्रदान कर पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन पर लगाम लगायी जा सकेगी। छोटे–छोटे उद्योगों को स्थापित कर यहा की आर्थिकी को बढाने के प्रयास किये जाय।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस



वर्ष हरेला पर्व के दिन पूरे प्रदेश में एक साथ वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने वन विभाग व सम्बन्धित अन्य विभागों को तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कोसी पुनर्जनन अभियान के अन्तर्गत किये गये कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि बनाये गये ट्रैंच होल की नियमित मानिटरिंग करने व भर गये ट्रैंच व होल के स्थान पर लगातार कार्य करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने फलदार वृक्षों को रोपने के कार्य को प्राथमिकता देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाल क्षेत्र में मशरूम की खेती से लोगो की आजीविका में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने मुख्य उद्यान अधिकारी को मशरूम उत्पादन की सम्भवनाओं को भी तलाशने के निर्देश दिये।

इसके अलावा उन्होंने व्यवसायिक हैम्प उत्पादन के लिए एक कलस्टर स्थापित करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये और कहा कि कलस्टर के माध्यम से वहा पर हैम्प प्रोसेसिंग यूनिट राज्य सरकार द्वारा लगा दी जायेगी। इस दौरान उन्होंने तड़ागताल झील निर्माण के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होंने महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों से अनेक विषयों पर जानकारी प्राप्त की और कहा कि निर्धन मेधावी बच्चों को दून स्थित हिम ज्योति फाउण्डेशन विद्यालय हेतु तैयार किया जाय। आपदा प्रबन्धन की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी आपातकालीन स्थित व दुर्घटना के समय रिस्पांस टाईम कम से कम किया जाय जिससे जान–माल की क्षति से बचा जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया व सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विभागों से सम्बन्धित किये गये कार्यों के बारे में पॉवर पाइंट के माध्यम से बताया गया। मुख्यमंत्री ने विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान द्वारा बनाये गये विवेक कृषि संदेश सेवा का शुभारम्भ किया। इसके माध्यम से पंजीकृत किसानो को वायस मैसज के जरिये फसलों के समुचित प्रबन्धन व देखरेख की जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने संस्थान के संग्रहालय का भी भ्रमण किया और इस संस्थान की प्रशंसा की।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने डकैती डालने पहुंचे सात बदमाशों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। दून पुलिस ने गढ़वाल ज्वेलर्स और रेसकोर्स में शराब कारोबारी के घर डकैती डालने पहुंचे सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बंद पड़ी कंपनी के खाते में मौजूद पांच करोड़ देकर ढाई करोड़ लेने का झांसा कारोबारियों को दिया था। बदमाशों ने कारोबारियों के रकम दिखाते ही डकैती की घटना को अंजाम देना था। पुलिस की सक्रियता से दून में बड़ी आपराधिक वारदातें होने से बच गईं। पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में डीआईजी अरुण मोहन जोशी ने बताया कि 2 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि सहारनपुर से बदमाश ऋषिकेश में गढ़वाल ज्वेलर्स में डकैती डालने पहुंचे थे, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। इस पर गिरोह के सदस्य दून में वारदात करने को निकल गए।

### मेयर ने किया ई रिक्शा ओनर्स एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन

**संवाददाता** ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने तिपहिया चालकों से क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं से अतिथि देवो भवः की तर्ज पर व्यवहार करने का आह्वान किया। उन्होंने ई रिक्शा ओनर्स एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन किया। शुक्रवार को हरिद्वार मार्ग पुरानी चुंगी स्थित ई रिक्शा ओनर्स एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन मेयर अनिता ममगाईं ने किया। उन्होंने कहा कि जरा सी चूक ना सिर्फ आपकी बल्कि सड़क पर चल रहे किसी भी राहगीर की जिंदगी को खतरे में डाल सकती है। इसलिए सभी को यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने तिपहिया चालकों से तीर्थनगरी ऋषिकेश आने वाले श्रद्धालुओं को अतिथि देवो भवः की तर्ज पर व्यवहार करने को प्रेरित किया।

### आर्य उप प्रतिनिधि सभा ने सीएए के समर्थन में पीएम को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। आर्य उप प्रतिनिधि सभा देहरादून ने नागरिकता संशोधन बिल का समर्थन किया है। सभा से जुड़े सदस्यों ने कहा कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक शरणार्थियों को देश में शरण देना सकारात्मक फैसला है। इस दौरान बिल के समर्थन में प्रस्ताव पारित कर डीएम के माध्यम से पीएम को ज्ञापन भेजा गया। शुक्रवार को आर्य उप प्रतिनिधि सभा की बैठक गांधी रोड स्थित दीनदयाल पार्क में हुई। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए नागरिकता संशोधन बिल की सराहना करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक लोगों के लिए नागरिकता संशोधन बिल बेहद जरूरी है। सभा के प्रधान शत्रुघ्न कुमार मौर्य ने कहा कि देश ने हमेशा दुनिया में धार्मिक रूप से उत्पीड़ित समुदायों को शरण दी है।

## हैंडलूम एक्सपो में लोग खरीद रहे हैं अपनी मनपसंद वस्तुओं को

**संवाददाता** देहरादून। दून हैंडलूम एक्सपो में लोगों की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस मेले में विभिन्न राज्यों से आये हुए व्यापारियों ने अपने अपने राज्य के फेमस चीजों का प्रदर्शन किया है। यह खरीदारों के लिए भी बहुत अच्छा मौका है। हैंडलूम खरीदने को भीड़ केरल, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के स्टाल पर ज्यादा देखने को मिल रही है। केरल का स्टाल नंबर 78 है और व्यापारी जितेंद्र का कहना है कि वह यहाँ 3 साल से स्टॉल लगा रहे हैं। उनके स्टॉल पर खरीदारों की भीड़ खूब लग रही है। हैंडलूम की बिक्री खूब हो रही है। स्टॉल में उनके पास कानूर कॉटन, राजस्थान डाई प्रिंट जो हैंडमेड है, इसके अलावा डाइनिंग रनर, डाइनिंग मेट,ऐसी क्विल्ट यह सब बहुत ही सुंदर डिजाइन में उपलब्ध है। वही दूसरी तरफ वेस्ट बंगाल की स्टॉल पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। नेशनल हैंडलूम एक्सपो 12 जनवरी तक चलेगा। इस मौके पर मेला अधिकारी के.सी चमोली, अनुपम द्विवेदी, राजेंद्र कुमार, कुंवर सिंह बिष्ट, गिरीश चंद, संजय बिष्ट और अश्वनी शर्मा मौजूद रहे।



एक्सपो में खरीदारी करते लोग।